**प्रेस नोट**

**थाना नवाबाद, झाँसी**

दिनांक – 05.10.2025

- **स्वाट, सर्वेलन्स एवं थाना नवाबाद पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में चोरी की घटना से सम्बन्धित 01 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार,**
- **कब्जे से चोरी का माल एवं अवैध असलाह कारतूस बरामद ।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 05.10.2025 को स्वाट सर्वेलन्स एवं थाना नवाबाद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मु0अ0स0- 254/25 धारा 305/331(4) से सम्बन्धित अभियुक्त दीपक पुत्र जबर सिंह निवासी राजपूत कालौनी मोहल्ला शिवाजी नगर थाना नवाबाद हाल पता प्रभा होटल पुरानी एसबीआई के पास झोकनबाग थाना नवाबाद, जनपद झांसी को भगवन्तपुरा से करगुवां जाने वाले कच्चे रास्ते से मुखबिर की सूचना पर पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त दीपक उपरोक्त गोली लगने से घायल हो गया, घायल अभियुक्त को हिरासत में लेकर जीवन रक्षा की दृष्टिगत उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है तथा अभियुक्त के कब्जे से अवैध असलाह कारतूस तथा चोरी के आभूषण बरामद किये गये हैं।

गिरफ्तारी/बरामदगी एवं पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना नवाबाद में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**संक्षिप्त विवरण –**

उल्लेखनीय है दिनांक 10.07.2025 को वादी श्री महेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 श्री रामस्वरूप यादव नि0 मेडिकल बाईपास तिराहा कोछाभाँवर थाना नवाबाद जनपद झांसी के घर से अज्ञात चोर द्वारा जेवर व रुपये चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 254/25 धारा 305/331(4) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था, जिसमें प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों को दिनांक 04.10.2025 को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अभियुक्त दीपक उपरोक्त मौका पाकर फरार हो गया था,जिसे आज पुलिस मुठभेड़ में चोरी के माल एवं अवैध असलाह कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

दीपक पुत्र जबर सिंह निवासी राजपूत कालौनी मोहल्ला शिवाजी नगर थाना नवाबाद हाल पता प्रभा होटल पुरानी एसबीआई के पास झोकनबाग थाना नवाबाद, जनपद झांसी

**बरामदगी का विवरण –**

1 – एक प्लेन जंजीर पीली धातु
2 - एक अंगूठी लाल नग लगी
3 - 01 जोड़ी पायल
4 - 04 जोडी बिछिया
5 - एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर की
6 – अवैध असलाह व जिन्दा व खोखा कारतूस

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1 - प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबाद मय पुलिस टीम
2 - प्रभारी स्वाट,सर्वेलन्स मय टीम